राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री की मुलाकात

जयपुर, 26 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान की नई दिल्ली में रविवार को मुलाकात हुई। राज्यपाल ने उनसे प्रदेश में उच्च शिक्षा के उन्नयन को लेकर किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा की।

राज्यपाल श्री मिश्र के साथ मुलाकात में श्री प्रधान ने युवाओं को उच्च शिक्षा के साथ कौशल विकास से जोड़ने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विश्वविद्यालयी शिक्षा में कौशल विकास के अवसर सृजित किए जाने पर भी बल दिया।

राज्यपाल श्री मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी ।